इस सीजन पूरा कपास खरीदा जाएगा : सरकार

गिरिराज सिंह ने समीक्षा बैठक में दी गारंटी

एमएसपी पर खरीदी 1 अक्टूबर से शुरू

नई दिल्ली, 3 सितंबर. केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने आश्वासन दिया है कि इस सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य दिशानिर्देशों के तहत आने वाले सभी कपास की बिना किसी बाधा के खरीद की जाएगी. उन्होंने कपास किसानों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई.

केंद्रीय मंत्री ने मंगलवार को नई दिल्ली में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी और भारतीय कपास निगमके सीएमडी ललित कुमार गुप्ता भी उपस्थित थे. इस बैठक का उद्देश्य आगामी खरीफ विपणन सत्र 2025-26 के लिए कपास की एमएसपी खरीद परिचालन की तैयारियों का आकलन करना था. इस वर्ष कपास की खरीद 1 अक्टूबर, 2025 से शुरू होगी.

सरकार के %डिजिटल इंडिया% विजन के अनुरूप, सीसीआई द्वारा एमएसपी खरीद से लेकर स्टॉक की बिक्री तक की सभी प्रक्रियाएं अब पूरी तरह से फेसलेस और पेपरलेस हो गई हैं. इससे एमएसपी परिचालन में किसानों और अन्य हितधारकों का विश्वास मजबूत हुआ है.

पहली बार, खरीद केंद्रों की स्थापना के लिए एक समान मानदंड निर्धारित किए गए हैं, जिसमें कपास की खेती का क्षेत्र, कार्यशील APMC यार्ड की उपलब्धता और कम से कम एक स्टॉक प्रोसेसिंग फैक्ट्री की उपलब्धता जैसे प्रमुख मापदंडों को ध्यान में रखा गया है. इसके परिणामस्वरूप, प्रमुख कपास उत्पादक राज्यों में रिकॉर्ड 550 खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं. उत्तरी राज्यों में एमएसपी के तहत कपास की खरीद 1 अक्टूबर से, मध्य राज्यों में 15 अक्टूबर से और दक्षिणी राज्यों में 21 अक्टूबर, 2025 से शुरू होगी.

> इस सीजन से, कपास-किसान नामक एक नया मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है. इसके माध्यम से देश भर के कपास किसान आधार-आधारित स्व-पंजीकरण और 7-दिवसीय रोलिंग स्लॉट बुकिंग कर सकेंगे. यह डिजिटल प्लेटफॉर्म खरीद परिचालन को सुव्यवस्थित करने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और सीधे किसानों के बैंक खातों में आधार-लिंक्ड भुगतान को सक्षम करेगा.

भारत-जर्मनी ने बाजार सहयोग पर की चर्चा

पीयूष गोयल और जोहान वाडेफुल ने बैठक की

नई दिल्ली, 3 सितंबर. केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल के साथ एक बैठक की सह-अध्यक्षता की. इस दौरान दोनों देशों के व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद थे.

अपनी भारत यात्रा पर आए जर्मन विदेश मंत्री के साथ बैठक के बाद, पीयूष गोयल ने एक्स पर साझा किया कि उन्होंने व्यापार सुविधा, नियामक ढांचे और बाजार पहुंच को मजबूत करने पर चर्चा की. उन्होंने कहा, हमने रक्षा, अंतरिक्ष, नवाचार और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में सहयोग के रास्ते भी तलाशे, जो हमारी साझेदारी की विशाल क्षमता को रेखांकित करता है. यात्रा के दौरान, जर्मन विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के प्रति अपने देश की प्रतिबद्धता की पुष्टि की. भारत और यूरोपीय संघ का लक्ष्य 2025 के अंत तक इस महत्वाकांक्षी एफटीए को पूरा करना है.

> वाडेफुल ने अपनी यात्रा से पहले एक्स पर कहा था कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र और वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण भागीदार है. उन्होंने जर्मनी और भारत के बीच घनिष्ठ राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया और बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को अत्यधिक क्षमतावाला बताया. उन्होंने सुरक्षा सहयोग, नवाचार, प्रौद्योगिकी और कुशल कार्यबल की भर्ती को द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख स्तंभों के रूप में भी उजागर किया.

स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवा नियमों में बदलाव प्रस्तावित किए

क्लिनिकल रिसर्च व टेस्ट लाइसेंस प्रक्रिया होगी आसान

टेस्ट लाइसेंस प्रणाली बदलेगी अधिसूचना मॉडल में

नयी दिल्ली, 03 सितंबर. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए दवा और क्लिनिकल रिसर्च सेक्टर के नियमों में बदलाव की योजना बनाई है.

इन संशोधनों का उद्देश्य न्यू ड्रग्स एंड क्लिनिकल ट्रायल्स (एनडीसीटी) नियम, 2019 में सुधार करके टेस्ट लाइसेंस प्राप्त करने और बायो अवेलेबिलिटी/बायो इक्विवेलेंस (बीए/बीई) स्टडी से संबंधित प्रक्रियाओं को आसान बनाना है. मंत्रालय ने इन प्रस्तावित बदलावों को 28 अगस्त को भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित किया है ताकि जनता से सुझाव प्राप्त किए जा सकें. यह पहल फार्मास्युटिकल सेक्टर में चल रहे नियामक सुधारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसका लक्ष्य भारतीय दवा उद्योग के विकास को बढ़ावा देना और घरेलू नियमों को वैश्विक मानदंडों के अनुरूप बनाना है.

प्रस्तावित संशोधनों के तहत, टेस्ट लाइसेंसों के लिए मौजूदा लाइसेंस प्रणाली को एक अधिसूचना प्रणाली में बदला जाएगा. इसका मतलब है कि आवेदकों को लाइसेंस के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा; उन्हें केवल केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण को सूचित करना होगा. इससे उच्च जोखिम वाली कुछ दवाओं को छोड़कर अन्य सभी टेस्ट लाइसेंस आवेदनों के लिए वैधानिक प्रोसेसिंग समय 90 दिनों से घटकर 45 दिन हो जाएगा.

भारत फार्मास्युटिकल रिसर्च और डेवलपमेंट का वैश्विक केंद्र

इन बदलावों से क्लिनिकल रिसर्च के लिए भारत का आकर्षण बढ़ने की उम्मीद है, जिससे भारत फार्मास्युटिकल रिसर्च और डेवलपमेंट का एक वैश्विक केंद्र बन सकेगा. मंत्रालय के अनुसार, इन सुधारों से लाइसेंस आवेदनों की संख्या में लगभग 50% की कमी आएगी, और ड्रग डेवलपमेंट और अप्रूवल प्रक्रियाओं में होने वाली देरी भी कम होगी.

मॉयल ने मैंगनीज उत्पादन में रिकॉर्ड बनाया

बिक्री 1.13 लाख टन, पिछले वर्ष से 25.6% अधिक

अप्रैल-अगस्त 7.92 लाख टन उत्पादन, 9.3% वृद्धि

नई दिल्ली , 3 सितंबर. सरकारी स्वामित्व वाली मैंगनीज अयस्क उत्पादक कंपनी मॉयल ने अगस्त माह में अब तक का सर्वाधिक उत्पादन दर्ज किया है. इस्पात मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, कंपनी ने अगस्त में 1.45 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 17% अधिक है.

इस दौरान कंपनी की बिक्री भी 1.13 लाख टन तक पहुँच गई, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 25.6% की प्रभावशाली वृद्धि हुई है. यह आँकड़े बाज़ार में मैंगनीज की निरंतर और मजबूत माँग को दर्शाते हैं. मॉयल ने वित्तीय वर्ष की शुरुआत यानी अप्रैल से अगस्त तक भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है. इस पाँच महीने की अवधि में कंपनी ने 7.92 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से 9.3% अधिक है.

कंपनी ने संसाधन विस्तार पर भी ध्यान केंद्रित किया है, जिसका प्रमाण पाँच महीनों के दौरान की गई 50,621 मीटर की अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग है. यह पिछले साल से 8.6% अधिक है.

मॉयल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, अजीत कुमार सक्सेना ने प्रतिकूल मौसम के बावजूद इस रिकॉर्ड प्रदर्शन के लिए कर्मचारियों की सराहना की. उन्होंने कहा कि यह परिणाम उत्पादन और बिक्री दोनों में कंपनी की निरंतर वृद्धि की क्षमता को प्रदर्शित करते हैं.

गुरुग्राम में कार्ल्स बर्ग का पहला वैश्विक आईटी केंद्र

नयी दिल्ली, 3 सितंबर. दुनिया की अग्रणी बीयर निर्माता कंपनी कार्ल्सबर्ग ग्रुप ने बुधवार को हरियाणा के गुरुग्राम में अपना पहला सूचना प्रौद्योगिकी वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) शुरू किया है. यह केंद्र भारत में कंपनी की पहली इकाई है. यह नया केंद्र दुनिया भर में कार्ल्सबर्ग की कंपनियों के लिए आईटी सेवाएँ, बुनियादी ढाँचे का संचालन और एप्लीकेशन सपोर्ट प्रदान करेगा. इस जीसीसी की स्थापना के लिए कंपनी ने वैश्विक आईटी सेवा और कंसल्टेंसी कंपनी जीएसपीएएनएन के साथ साझेदारी की है.कार्ल्सबर्ग ग्रुप की सीआईओ एस्थर वू ने इस अवसर पर कहा, हमारी दीर्घकालिक विकास रणनीति के लिए जरूरी है.

ग्रामीण भारत के लिए दिसंबर तक पेश होगा बीमा विस्तार

कोलकाता, 3 सितंबर. ग्रामीण भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक समग्र बीमा उत्पाद 'बीमा विस्तार' दिसंबर, 2025 तक पेश किया जा सकता है. बीमा उद्योग संगठन 'लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल' ने बुधवार को यह जानकारी दी. यह बीमा खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य जीवन, स्वास्थ्य और संपत्ति का व्यापक बीमा कवर प्रदान करना है. इस योजना को सभी बीमा कंपनियाँ एक समान प्रीमियम दर पर बेचेंगी. जिससे यह जनता के लिए किफायती और सुलभ बन सके.

शेयर बाजार में लौटी तेजी

सेंसेक्स 80,567 और निफ्टी 24,715 पर

जीएसटी परिषद बैठक ने बढ़ाई निवेशकों की आशा



मुंबई,03 सितंबर.बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में तेजी लौट आई. उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बावजूद बीएसई सेंसेक्स 410 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में भी 135 अंक की तेजी दर्ज की गई. इस बढ़त का मुख्य कारण धातु शेयरों में मजबूत खरीदारी और जीएसटी परिषद की बैठक से जुड़ी सकारात्मक उम्मीदें थीं.

पूरे दिन के उतार-चढ़ाव के बाद, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 409.83 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,567.71 अंक पर बंद हुआ. इसी तरह, पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 135.45 अंक यानी 0.55 प्रतिशत चढ़कर 24,715.05 अंक पर बंद हुआ. जीएसटी परिषद की दो दिवसीय बैठक नयी दिल्ली में शुरू हुई है, जिसमें कर स्लैब को कम कर पाँच प्रतिशत और 18 प्रतिशत करने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी.

रुपया नौ पैसे मजबूत होकर 88 .06 पर बंद

मुंबई,03 सितंबर. बुधवार को भारतीय रुपये ने अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरते हुए डॉलर के मुकाबले नौ पैसे की बढ़त हासिल की और 88.06 पर बंद हुआ. विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से रुपये को समर्थन मिला. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 88.15 के स्तर पर खुला और दिन के कारोबार में 87.98 के उच्च स्तर को छुआ, जबकि 88.19 के निचले स्तर तक गया. मंगलवार के 88.15 के सर्वकालिक निचले बंद भाव से एक महत्वपूर्ण सुधार है.

सेवा क्षेत्र में 15 साल की सबसे तेज बढ़ोतरी

अंतर्राष्ट्रीय बिक्री में दिखा व्यापक विस्तार

कंपनियों ने दी अतिरिक्त नौकरियों की सौगात

मुंबई, 03 सितंबर (वार्ता)-देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में अगस्त में माह-दर-माह आधार पर जून 2010 के बाद की सबसे बड़ी तेजी दर्ज की गई है.

नए ऑर्डरों में लगातार 49वें महीने बढ़ोतरी होने से सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है. बुधवार को जारी एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबार गतिविधि सूचकांक जुलाई के 60.5 से बढ़कर अगस्त में 62.9 हो गया है. मांग में जोरदार बढ़ोतरी से सेवा क्षेत्र में नए ऑर्डर भी 15 साल में सबसे तेज गति से बढ़े. इसके अलावा, विदेशों से आने वाली मांग में भी तेजी से वृद्धि हुई है. इस वृद्धि पर टिप्पणी करते हुए, एचएसबीसी इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बिक्री में व्यापक विस्तार के कारण कुल मांग मजबूत बनी रही. इसी के चलते सेवा क्षेत्र की भारतीय कंपनियों ने अतिरिक्त नौकरियां दीं, हालांकि इस दौरान उनकी लागत भी बढ़ी और उन्होंने अपनी सेवाओं के दाम बढ़ाए. इससे पहले 01 सितंबर को जारी आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण पीएमआई 17 साल के उच्चतम स्तर 59.3 पर रहा था. सेवा और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों में तेजी से अगस्त में संयुक्त पीएमआई 63.2 दर्ज किया गया, जो 17 साल का उच्चतम स्तर है.

भाजपा पर हमले से क्या बदलेगी पीके की छवि

पटना. बिहार में जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर के निशाने पर अब भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं. उनका पहला निशाना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं और उसके बाद भाजपा के नेता हैं. पहले वे राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं पर ज्यादा हमले करते थे. लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव उनके पसंदीदा टारगेट थे. उन्होंने तेजस्वी के लिए नौवीं फेल का जुमला ऐसा स्थापित किया कि लोगों की जुबान पर चढ़ गया.

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

खुली निविदा क्रमांक: WCR-CRWS-PAINTING-25-11 भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** सप्लाई एंड एप्लीकेशन ऑफ पेंटिंग ऑफ कोचेस इंक्लुडिंग लेटर स्टिकर ऐट सीआरडब्ल्यूएस/भोपाल। **कार्य की लागत:** ₹ 6,07,91,256.50/- **निविदा फ़ॉर्म का मूल्य:** ₹ 0.00 **धरोहर राशि:** ₹ 4,54,000/- **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह **ऑनलाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक / ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय:** 11.09.2025/25.09.2025-15:00 बजे तक **निविदा खुलने की समय एवं दिनांक:** 25.09.2025, 15.30 बजे। निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सडिपुका, भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

(हस्ता.)
मुख्य कारख़ाना प्रबंधक, सडिपुका, निशातपुरा, प.म.रे.,भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायसेन

दूरभाष क्रमांक कार्या. 07482- 223251, ई-मेल eeresraisen@mp.gov.in

क्रमांक 2764/व.ले.लि. /2025 रायसेन, **// प्रेस विज्ञप्ति //** दिनांक 02/09/2025

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 04/ 2025-26 / रायसेन

निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट: https://www.mptenders.gov.in / पर देखा जा सकता है

स. क्र.	सिस्टम टेण्डर नम्बर	कार्य का नाम	निविदा लागत (पी.ए.सी.) (रू. लाख में)	अमानत राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि (रूपये में)	अवधि वर्षाकाल सहित (दिवस)	आमंत्रण क्रम
1	2025_RES_438212	अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य प्री प्रायमरी पीएमश्री स्कूल GHS SEMRA, वि.ख. साँची, जिला रायसेन	12.31	0.25	2000/-	120	द्वितीय

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट), www.mp tenders.gov.in/ पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। निविदा प्रपत्र क्रय एवं प्रस्तुत करने वेबसाईट https:// की दिनांक 07/09/2025 समय 10:30 बजे से दिनांक 23/09/2025 समय 05:00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखी जा सकती है। निविदा में संशोधन सूचनाऐं केवल बेबसाईट पर दी जावेगी, पृथक से कोई सूचना समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायसेन म.प्र.

G-18134/25

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम — A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

प्रधान कार्यालय : 112, जे.सी. रोड़, बैंगलूर - 562002
क्षेत्रीय कार्यालय: ओमेगा टॉवर, तीसरी मंजिल मंजिल, 32 मैकेनिक नगर, भमोरी, इंदौर फोन: 0731-2573816

सूचना

(वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूतिहित प्रवर्तनअधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत नोटिस (सरफेसी एक्ट)

केनरा बैंक की शाखाओं के माध्यम से प्राप्त किया गया ऋण जो कि एन. पी. ए. हो चुका है व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्न वर्णित ऋणी/जमानतदार को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांक को पंजीकृत डाक पावती सहित द्वारा ऋणी/जमानतदार व सह ऋणी आप सभी को भेजी गई थी। निम्न वर्णित मांग सूचना दिनांक में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया है, कि आपके द्वारा सूचना मे दर्शाई राशि **60** दिनों के अंदर जमा नहीं कराई गई तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक संपति जो कि निम्नलिखित ऋणी / जमानतदार के नाम है, उसका आधिपत्य ले लिया जाएगा। बकाया राशि का उल्लेख निम्नानुसार है:

क्रं.	ऋणी/जमानतदार का नाम व पता	मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि (₹)	अचल संपत्तियों का विवरण
	केसरबाग रोड शाखा, इन्दौर, मोबाईल: 70499 19127 एवं नवलखा शाखा, इन्दौर, मोबाईल: 89899 89141		
1.	**1. श्रीमती हेमलता शर्मा पति कमलेश शर्मा,** प्लाट नं. 18, सेक्टर-सी, सूर्यदेव नगर कॉलोनी, ग्राम तेजपुर गड़बड़ी, इन्दौर (म.प्र.) 452009, **2. श्री कमलेश शर्मा पिता मदनलाल शर्मा,** प्लाट नं. 18, सेक्टर-सी, सूर्यदेव नगर कॉलोनी, ग्राम तेजपुर गड़बड़ी, इन्दौर (म.प्र.) 452009, **2. श्री कमलेश शर्मा पिता मदनलाल शर्मा,** एस-18, सोमेश होम्स, वैभव विहार अवधपुरी, भोपाल (म.प्र.) 462022, **श्री महेश कुमार व्यास पिता बाल कृष्ण व्यास,** 2, गोपूर कॉलोनी, अन्नपूर्णा रोड, इन्दौर (म.प्र.) 4520069	मांग सूचना दिनांक **14.08.2025** बकाया राशि (₹) **30,11,163.38** + दिनांक 13.08.2025 से ब्याज एवं अन्य खर्च	प्लाट नं. 18 पर स्थित रहवासी मकान, सेक्टर-सी, सूर्यदेव नगर कॉलोनी, ग्राम तेजपुर गड़बड़ी, इन्दौर (म.प्र.) 452009, **क्षेत्रफल: 600 वर्गफीट, मालिक: श्रीमती हेमलता शर्मा पति कमलेश शर्मा, श्री कमलेश शर्मा पिता मदनलाल शर्मा, सीमाएं: उत्तर:** सड़क, **दक्षिण:** प्लाट नं. 132, **पूर्व:** प्लाट नं. 17, **पश्चिम:** कॉलोनी की सड़क

(1) उक्त मांग सूचना पत्र आपको डाक प्राधिकरण द्वारा **केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय** से भेजा गया था। आप नोटिस की कॉपी बैंक से प्राप्त कर सकते है ताकि आपको सूचना की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो जाये। (2) आप सभी को सुझाव दिया जाता है कि मांग सूचना में दर्शाई गई बकाया राशि ब्याज एवं खर्च आदि सहित उपरोक्त मांग सूचना की दिनांक के **60 दिनों** के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत आगामी कार्यवाही से बच सकें।

स्थान: इन्दौर, दिनांक: 04.09.2025 **प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक, इन्दौर**

Process No .2909/2025
Date. 29/08/2025

जाहीर नोटीस
अमरावती येथील विद्यमान जिल्हा व सत्र न्यायाधिश - २, यांचे न्यायालय

किरकोळ दिवाणी अर्ज क. ७८/२०२५ ने.ता. २९/१०/२०२५

Applicant :- Maharashtra State Financial Corporation Statutory Corporation
Vs
Non-applicant: M/s. Meenawala Gem and Jewelery Through Ganeshprasad Natthulalji Soni +2

Banam :- Amruta Ghanshyam prasad Soni,
R/o. Siya Kunj Satkhiradi Road, Basweshwar Chawk, Amravati,
(Maharashtra) Presently residing at Bhopal M.P.

APPLICATION UNDER ORDER 5 RULE 20 (1-A) OF CIVIL PROCEDURE CODE, 1908 FOR GRANT OF PERMISSION TO SERVICE THE NOTICE TO N.A. 2 [C] THROUGH PAPER PUBLICATION

ज्याअर्थी वरील अर्जदार यांनी वि. जिल्हा व सत्र न्यायाधीश - २, अमरावती, यांच्या न्यायालयात अर्ज सादर केला आहे.

त्याअर्थी वरील गैरअर्जदार यांना वारंवार नोटीस देवुनही न्यायालयात हजर राहत नसल्यामुळे त्यांना पेपर प्रसिध्दीव्दारे नोटीस देण्यात येते की, त्यांनी अर्जाची सुनावणीसाठी दिनांक **२९/१०/२०२५** रोजी सकाळी १०.३० वाजता वि. जिल्हा व सत्र न्यायाधिश - २, अमरावती यांचे न्यायालयात स्वतः किंवा रितसर निर्दीष्ट केलेल्या वकीलांमार्फत हजर व्हावे. वर नमुद केलेल्या तारखेस जर कोणीही हजर न झाल्यास सदहू अर्जाची एकतर्फी सुनावणी होवून निकाल दिला जाईल.

आज दिनांक 29/08/2025 रोजी माझे सहीनिशी व कोर्टाचे शिक्क्यानिशी प्रसिध्दिसाठी दिला.

आदेशानुसार
सही/-
अमरावती
दिनांक: 29/08/2025 शिक्का
सहा. अधिक्षक (न्यायीक विभाग)
जिल्हा व सत्र न्यायालय, अमरावती

SBI STATE BANK OF INDIA

प्राधिकृत अधिकारी का विवरण: मोबाइल नंबर 9987173021
लैंडलाइन नं. (कार्यालय): 022-41611429, अन्य मो.नं. 9985592115

शाखा - दबावग्रस्त परिसंपत्ति प्रबंधन शाखा-II, रहेजा चेम्बर्स, भूतल, विंग-इ, फ्री प्रेस जर्नल मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400021 दूरभाष संख्या: 022-41611429, ई-मेल आईडी: team7.15859@sbi.co.in

परिशिष्ट-IV-अ [नियम 8(6) का परंतुक देखें] अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित।

एतद्वारा आम जनता और विशेष रूप से ऋणी(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति गिरवी/प्रभारित है (भारतीय स्टेट बैंक) को सुरक्षित लेनदार के रूप में, जिसका भौतिक कब्जा भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, सुरक्षित लेनदार को "जहाँ है जैसा है, जो है जैसा है" के आधार पर दिनांक 07.10.2025 को बेचा जाएगा। बैंक के बकाया की वसूली के लिए (SARFAESI अधिनियम, 2002 के अंतर्गत) भारित संपत्ति/संपत्तियों की ई-नीलामी यहाँ निर्दिष्ट नियमों और शर्तों पर आयोजित की जाएगी।

उधारकर्ता/उधारकताओं का नाम	गारंटर/गारंटर का नाम	जिन संपत्तियों/संपत्तियों की वसूली हेतु बकाया राशि बेची जा रही है
मेसर्स श्री साईदर्शन शॉपिंग मॉल, वार्ड क्रमांक 17 मीनाक्षी चौक होशंगाबाद मध्य प्रदेश भारत 461001	1) श्री संजय जायसवाल 2) श्रीमती संध्या जायसवाल	रू. 21,73,06,950.00, 27.11.2023 तक + उस पर आज तक अनुबंधित दर पर ब्याज + व्यय एवं लागत (नकद वसूली, यदि कोई हो, घटाकर) माँग सूचना तिथिः 28.11.2023

स. क्र.	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (रु.)	ईएमडी (रु.)
1.	सर्वेक्षण संख्याः 8/18/2 और 8/21/2 वाली व्यावसायिक इमारत, प्लॉट संख्याः 8/18/2 और 8/21/2, नगरपालिका वार्ड संख्या 17, नया नंबर 09, होशंगाबाद, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, 461001, (शहरी) पर स्थित, कुल क्षेत्रफलः 8170 वर्ग फुट, श्री संजय जायसवाल और श्रीमती संध्या जायसवाल के स्वामित्व में, संपत्ति आईडी संख्याः SBIN78309473140	रू. 10,70,00,000.00	रू. 1,07,00,000.00
2.	सर्वेक्षण संख्याः 8/13/11 वाली व्यावसायिक इमारत, प्लॉट संख्याः 8/13/11, वार्ड संख्या 17, नया नंबर 09, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, 461001, (शहरी) पर स्थित, कुल क्षेत्रफलः 960 वर्ग फुट, श्री संजय जायसवाल और श्रीमती संध्या जायसवाल		
3.	सर्वेक्षण संख्याः 8/50 वाला व्यावसायिक भवन, प्लॉट संख्याः 8/50, मौजा सदर बाजार, वार्ड संख्या 17, होशंगाबाद, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, 461001, (शहरी), कुल क्षेत्रफलः 855 वर्ग फुट, श्री संजय जायसवाल और श्रीमती संध्या जायसवाल। संपत्ति आईडी संख्याः SBIN78309477474	रू. 74,00,000.00	रू. 7,40,000.00
4.	सर्वेक्षण संख्याः 447/1, 447/39 और 450/1 वाला व्यावसायिक भवन, प्लॉट संख्याः उ-01, नगरपालिका वार्ड संख्या 16 (नया वार्ड संख्या 11) मालाखेड़ी (साईं छात्र परिसर), होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, 461001, (शहरी), कुल क्षेत्रफलः 314.02 वर्ग मीटर या 3378.85 वर्ग फुट, श्री साईं दर्शन शॉपिंग मॉल के स्वामित्व में है। संपत्ति आईडी संख्या - SBIN78309528975	रू. 1,36,00,000.00	रू. 13,60,000.00
5.	वाणिज्यिक भूखंड खसरा संख्या 33/1, पवारखेड़ा, होशंगाबाद, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, 461001, (अर्ध-शहरी) में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफलः 20270 वर्ग मीटर है और यह श्री साईं दर्शन शॉपिंग मॉल के स्वामित्व में है। संपत्ति आईडी संख्या - SBIN78309462774	रू. 7,44,00,000.00	रू. 74,40,000.00
6.	वाणिज्यिक भवन डायवर्टेड खसरा संख्या 607, पी. संख्या 15/10, ग्राम फेफरताल, जिला-होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, 461001, (अर्ध-शहरी) में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफलः 50530 वर्ग मीटर है और यह श्री साईं दर्शन शॉपिंग मॉल के स्वामित्व में है। संपत्ति आईडी संख्या - SBIN78309524437	रू. 11,80, 00,000.00	रू. 1,18,00,000.00

बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि और समय	निरीक्षण की तिथि और समय संपत्ति
रू. 1,00,000/-	07.10.2025 समयः- सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक, असीमित 10 मिनट के विस्तार के साथ	01.10.2025 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक

*सावधानीः कृपया ध्यान दें कि यह ई-नीलामी "जहाँ है जैसा है, जो है जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर आयोजित की जा रही है। इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को नीलामी समय से पहले ही हमारे सेवा प्रदाता बैंकनेट ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com/eauction-psb/eauction/ पर पंजीकरण के माध्यम से अपनी अग्रिम राशि ऑनलाइन माध्यम से अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में स्थानांतरित करनी होगी। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में अग्रिम राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। पंजीकरण, केवाईसी दस्तावेजों का सत्यापन और वॉलेट में अग्रिम राशि का स्थानांतरण नीलामी से पहले ही पूरा कर लिया जाना चाहिए। इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी समाप्त होने से पहले बैंकनेट में अग्रिम राशि जमा कर सकते हैं। अग्रिम राशि बैंकनेट बैंक खाते में भुगतान प्राप्त होने और ई-नीलामी वेबसाइट पर इस जानकारी को अद्यतन करने के बाद ही बोलीदाता को जमा की जाएगी। इसमें समय लग सकता है। बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार, बोलीदाताओं को अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम समय में किसी भी समस्या से बचने के लिए बोली-पूर्व अग्रिम राशि समय से पहले ही जमा कर दें। संपत्ति पर कोई ज्ञात भार नहीं है। हालाँकि, इच्छुक बोलीदाता को संबंधित कार्यालयों/विभागों से संपत्ति पर भार के संबंध में स्वयं पूछताछ और उचित जाँच-पड़ताल करनी चाहिए। किसी भी प्राधिकरण या किसी भी व्यक्ति को देय सभी वैधानिक/गैर-वैधानिक बकाया, कर, दरें, मूल्यांकन, शुल्क, फीस आदि का भुगतान केवल सफल बोलीदाता की ही जिम्मेदारी होगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया भारतीय स्टेट बैंक, सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइटों पर दिए गए लिंक देखें: www.sbi.co.in और https://baanknet.com/eauction-psb/eauction/

बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi	ई-नीलामी वेबसाइट https://baanknet.com/

संपत्ति आईडी नंबर	संपत्ति का स्थानः	संपत्ति के वीडियो / तस्वीरें	यूएसपी
SBIN78309524437			
SBIN78309462774			
SBIN78309528975			
SBIN78309477474			
SBIN78309473140			

सरफेसी अधिनियम के तहत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना
ऋणकताओं/गारंटरों को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और 8(6) के प्रावधानों के तहत आवश्यक सूचना दे दी गई है।

दिनांकः 03.09.2025 एसडी/-
स्थानः मुंबई **प्राधिकृत अधिकारी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया**